तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **चेनाराम पुत्र जगदीश राम जाट बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर)** सू.अ. अपील संख्या 30 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
27 / 06 / 2024	माननीय राजस्थान सूचना आयोग के द्वितीय अपील संख्या सीआईसी / जोधपुर / 2021 / 103468 चैनाराम बनाम लो.सू.अ. तहसीलदार पीपाड शहर निर्णय दिनांक 04.08.2023 में प्रकरण को रिमाण्ड करते हुए दिये गये निर्देशों के क्रम में एवं अपीलार्थी चेनाराम पुत्र जगदीश राम जाट निवासी जवासिया, तहसील पीपाड शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 26.08.2020 में उनके द्वारा (1) भंवरलाल जांगिड पुत्र नारायणराम के पिता का स्वर्गवास सेवाकाल में रहते हुए हो जाने पर नियुक्ति दिये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, उस दौरान व दिनांक 20.11.1990 को कार्यभार ग्रहण के दौरान प्रथमा परीक्षा उतीर्ण व सैकण्डरी परीक्षा अनुतीर्ण कलक्टर जोधपुर द्वारा प्रथम नियुक्ति क्रमांक 90 / 6744 दिनांक 09.11.1990 में दर्शाया गया उक्त दोनो परीक्षाओं की अंकतालिका व स्थानान्तरण प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया जिसके क्रम में उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई तथा लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर, जोधपुर) के निर्णय दिनांक 25.11.2020 की पालना नही कर सूचना उपलब्ध नही कराई गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार पीपाड़ शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार पीपाड़ शहर), तहसीलदार बिलाड़ा एवं अपीलार्थी के नियत सुनवाई दिनांक 06.03.2024 को पेश होने पर अपीलार्थी का पक्ष सुनकर वांछित सूचना रेस्पो. पक्ष तहसीलदार पीपाड़ शहर को नियमानुसार तैयार कर प्रार्थी को प्रेषित करने एवं विस्तृत रिपोर्ट इस कार्यालय प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष तहसीलदार पीपाड शहर ने रिपोर्ट जरिये पत्रांक 1216 दिनांक 20.05.2024 से बतलाया कि कार्मिक भंवरलाल से प्राप्त दरतावेज सन् 1990 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद क्रमांक 24942 अनुक्रमांक 19215 प्रथम परीक्षा संवत् 2041 प्रमाण पत्र की छायाप्रति ,सैकण्डरी स्कूल परीक्षा 1987 क्र.सं. 81921 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर राजस्थान की अंकतालिका की छाय प्रति पटवारी पद पर नियुक्ति की शैक्षणिक योग्यता सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा अंकतालिका 1991 की माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की क्रमांक 231214 जारी 23	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2024.06.2? 16:31:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 8421282

	जुलाई 1991 की छायाप्रति तथा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा 1991 नामांक सं. 646301 की छायाप्रति प्रार्थी को भिजवाई गई है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण/चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण	

Signature valid

RajKaj Ref
8421262

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2024.06.2 6:31:19 IST
Reason: Approved